

वर्ष 1 - अंक 79
बुधवार 19 फरवरी 2025 - कुल पृष्ठ - 4
RNI - NO. MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स


## उद्योगों के सृजन का नया सन्देश

# निवेशकों की पहली पसंद मध्यप्रदेश...



आदित्य शर्मा, 8224951278
सहसंपादक रणजीत टाइम्स





इंदौर। ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में उद्योगपतियों के साथ परिचर्चा में 24 व 25 फरवरी को भोपाल में आयोजित होने जा रहे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 के संबंध में जानकारी साझा की एवं मध्यप्रदेश में निवेश की अनंत संभावनाओं से भी अवगत कराया। कार्यक्रम पश्चात उद्योगपतियो के साथ रात्रि भोज भी किया।



दिल्ली में मप्र कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भेंट की इस दौरान मध्यप्रदेश में कांग्रेस की आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की।

# हादसाः बस बेकाबू होकर पलटी

# 9 लोग घायल

इंदौर के सिमरोल घाट पर तड़के एक टूरिस्ट बस बेकाबू होकर पलट गई, जिसमें 9 लोग घायल हो गए। घायलों को पहले महू के मध्य भारत अस्पताल ले जाया गया, फिर एमवाय अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस के अनुसार सभी की हालत स्थिर है। एडिशनल एसपी रूपेश द्विवेदी ने बताया कि हादसा सुबह करीब 4:40 बजे हुआ। तीन बसों का काफिला एक साथ चल रहा था, तभी ड्राइवर मोड़ का सही अंदाजा नहीं लगा सका, जिससे बस पलट गई। बस में गुजरात के गांधीग्राम के यात्री सवार थे, जो कुंभ स्नान के बाद उज्जैन होते हुए ओंकारेश्वर जा रहे थे। बाकी यात्रियों को दूसरी गाड़ी से रवाना किया गया।



आदित्य शर्मा, 8224951278
सहसंपादक रणजीत टाइम्स

# साइबर सुरक्षा हेतु कार्यशाला का आयोजन

**हाटपीपल्या -कलेक्टर ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में**



**रणजीत टाइम्स**


बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर महिला एवं बाल विकास परियोजना बागली आदिवासी के द्वारा महाविद्यालय हाटपीपल्या मे आज मंगलवार को साइबर सुरक्षा के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। महिलाओं के साथ सोशल मीडिया पर फ्रॉड एवं बैंकिंग धोखाधड़ी निरंतर बढ़ रही है इसके लिए क्या-क्या आवश्यक सावधानियां बरती जाएं उनके बारे में जानकारी दी गई। अपने बैंक खाता नंबर आदि के बारे में जानकारी गोपनीय रखी जाए किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी साझा नहीं करें। आवश्यकता होने पर आधार कार्ड की मास्क कॉफी ही शेयर करें। सोशल मीडिया पर अनजान लोगों से दोस्ती



ना करें एवं अपनी व्यक्तिगत जानकारी शेयर ना करें। व्हाट्सएप पर फोटो डाउनलोड के विकल्प को बंद कर दें। किसी भी अंतरराष्ट्रीय कॉल को अटेंड ना करें और उसको तत्काल ब्लॉक भी कर दें। महिलाओं को साइबर अरेस्ट के बारे में भी जानकारी दी गई। किसी भी अनजान व्यक्ति पर विश्वास ना करें भले ही वह आपकी निजी जानकारी के बारे में भी बता रहा हो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को करें। छोटे बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रहने के लिए भी सलाह दी गई। व्यक्तिगत सावधानी ही किसी भी बड़ी घटना को रोक सकती है और अपनी मेहनत की कमाई को अनजान हाथों में जाने से बचाया जा सकता है। कार्यशाला में परियोजना अधिकारी प्रभारी अनिता दुबे ब्लाक समन्वयक गोपाल दागी एवं प्रभारी प्राचार्य पी के चतुर्वेदी महाविद्यालय के स्टाप उपस्थित थे।

**Salaah Mashavira**

# सही मार्गदर्शन से सफलता की ओर



आज के प्रतिस्पर्धी दौर में बिजनेस ग्रोथ और व्यक्तित्व विकास के लिए सही मार्गदर्शन की जरूरत होती है। Salaah Mashavira एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जो आपको बिजनेस और पर्सनालिटी डेवलपमेंट में सफलता पाने के लिए बेस्ट गाइडेंस देता है। खास बात यह है कि यहां प्रसिद्ध जर्नलिस्ट और लेखक पीयूष जैन के अनुभवों से भी सीखने का मौका मिलेगा।

### कौन हैं पीयूष जैन?

पीयूष जैन एक प्रसिद्ध पत्रकार और लेखक हैं, जिन्होंने मीडिया और लेखन के क्षेत्र में बड़ा नाम कमाया है। उनकी पहली किताब “बेकार से पत्रकार” काफी चर्चित रही है, जिसमें उन्होंने पत्रकारिता जगत के संघर्ष और अनुभवों को साझा किया है। अब, Salaah Mashavira के माध्यम से वे लोगों को बिजनेस ग्रोथ और पर्सनालिटी डेवलपमेंट में मार्गदर्शन देने जा रहे हैं।

Salaah Mashavira

### क्यों खास है?

#### बिजनेस ग्रोथ स्ट्रेटेजी

सही योजना और रणनीति से अपने बिजनेस को ऊंचाइयों तक ले जाने की सलाह।

#### व्यक्तित्व विकास

आत्मविश्वास बढ़ाने और प्रभावी संवाद कौशल विकसित करने में मदद।

#### मास्टर क्लास और मेंटरशिप

इंडस्ट्री के विशेषज्ञों द्वारा व्यावहारिक मार्गदर्शन।

#### करियर गाइडेंस

नौकरी और फ्रीलांसिंग के लिए सही दिशा दिखाने वाली कोचिंग।

जल्द ही उपलब्ध!

अगर आप भी अपने करियर में नई ऊंचाइयों तक पहुंचना चाहते हैं या बिजनेस ग्रोथ में सही गाइडेंस चाहते हैं, तो Salaah Mashavira से जुड़ें और अपने भविष्य को संवारें।

## सनी देओल और वरुण धवन की आगामी फिल्म ‘बॉर्डर 2’की शूटिंग हाल ही में उत्तर प्रदेश के झांसी जिले में शुरू हुई है



निर्देशक अनुराग सिंह की यह फिल्म 1997 की हिट फिल्म ‘बॉर्डर’ का सीक्वल है। सनी देओल और वरुण धवन ने आर्मी क्षेत्र के बुढ़पुरा रेंज का दौरा किया। उन्होंने सैन्य अधिकारियों और सैनिकों से मुलाकात की और उनके साथ तस्वीरें खिंचवाईं। यह शूटिंग लगभग एक महीने तक चलेगी। ‘बॉर्डर 2’की रिलीज 23 जनवरी 2026 को निर्धारित है। फिल्म की शूटिंग के दौरान सेट से साझा की गई तस्वीरों में बड़े-बड़े टैंकर और क्लिपबोर्ड पर शॉट नंबर और टेक नंबर दिखाई दे रहे हैं,जो फिल्म की भव्यता और एक्शन दृश्यों की ओर इशारा करते हैं।


क्या आप भी बनना चाहते हैं

जनता की आवाज ?

तो जुड़िए रणजीत टाइम्स न्यूज़पेपर के साथ और बनिए जनता की सशक्त आवाज

आपकी खबर, आपकी ताकत!

जुड़ने के लिए अभी संपर्क करें

9827068888, 8224951278

आपका रणजीत टाइम्स जनताकीआवाज

# पिछोर की जनता का हुंकार

## शिवम पांडेय के न्याय के लिए सड़कों पर संघर्ष का ऐलान

### पिछोर एसडीएम को सोपा ज्ञापन 7 दिन के भीतर न्याय नहीं मिला, तो पिछोर की सड़कों पर जनसैलाब उमड़ेगा,

**रणजीत टाइम्स (जगदीश पाल)**




शिवपुरी (पिछोर )की धरती पर 8 फरवरी 2025 का दिन जनता की आवाज़ बुलंद करने वाला दिन बन गया। प्रशासन द्वारा आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में जनता उम्मीद लेकर पहुँची थी कि उनकी समस्याओं का समाधान होगा, लेकिन हकीकत कुछ और थी। अधिकारियों का रवैया अपमानजनक था, जनता की फरियाद अनसुनी की जा रही थी, और प्रशासन की मनमानी चरम पर थी। पर इस बार जनता चुप नहीं थी। इस बार एक आवाज़ गूँज उठी—शिवम पांडे ओम प्रकाश चौधरी की आवाज़। जिला पंचायत सदस्य मनीराम लोधी हजारी लाल लोधी जी (किसान यूनियन जिलाध्यक्ष ) ने बताया की शिवम पांडे, ओम प्रकाश चौधरी जो जनता के हक की बात कर रहे थे, जिन्होंने प्रशासन की अनियमितताओं पर सवाल उठाए, उन्हें ही सत्ता की साजिश का शिकार बना लिया गया। सच बोलने की सजा उन्हें झूठे मुकदमों के रूप में दी गई, धमकियाँ दी गईं, उन्हें डराने की कोशिशें की गईं। लेकिन शिवम झुके नहीं। उन्होंने अपनी लड़ाई जारी रखी, और देखते ही देखते यह लड़ाई सिर्फ शिवम की नहीं, पूरे पिछोर की लड़ाई बन गई।

जनता अब चुप नहीं बैठ सकती थी। अन्याय के खिलाफ विरोध की चिंगारी सुलग चुकी थी। लोगों ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। सैकड़ों नागरिकों ने संगठित होकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा, जिसमें दो मुख्य माँगें रखी गईं—

1. शिवम पांडे ओम प्रकाश चौधरी पर लगाए गए सभी झूठे मुकदमों को तुरंत वापस लिया जाए।
2. जन समस्या निवारण शिविर में हुई प्रशासनिक अनियमितताओं की उच्च स्तरीय जाँच कर दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

इसके अलावा, जनता ने यह भी माँग की कि भविष्य में जब भी जन समस्या निवारण शिविर लगे, वहाँ प्रशासनिक मनमानी न हो और जनता की आवाज़ को दबाने के प्रयास बंद किए जाएँ। शिवम पांडेय और उनके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी माँग उठी।

जनता ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी—यदि 7 दिन के भीतर शिवम पांडे को न्याय नहीं मिला, तो पिछोर की सड़कों पर जनसैलाब उमड़ेगा, और प्रशासन को जनता के आक्रोश का सामना करना पड़ेगा। यह सिर्फ ज्ञापन नहीं था, यह जनता का संकल्प था।

विशेष रूप से यह विरोध केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के जन समस्या निवारण शिविर में प्रशासनिक अनियमितताओं, जनता की आवाज दबाने तथा सत्य उजागर करने वालों पर दमनात्मक कार्यवाही के विरोध में किया गया। इस संदर्भ में जनता ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की माँग की।

शिवम पांडे अब सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, बल्कि अन्याय के खिलाफ संघर्ष का प्रतीक बन चुके थे। यह आंदोलन सत्ता की हठधर्मिता और जनता के सब्र की परीक्षा थी। पिछोर की जनता अब यह दिखाने को तैयार थी कि जब आवाजें एक साथ उठती हैं, तो कोई भी तानाशाही उन्हें दबा नहीं सकती। ज्ञापन देने बालो में मुख्य रूप से लक्ष्मी नारायण लोधी हजारीलाल लोधी हरिराम लोधी रमेश पाल शिवाजी राजा जीवनलाल लोधी हनुमत सिंह रोशन लोधी हर प्रसाद लोधी पवन कुमार पुष्पेंद्र राजीव राजेंद्र रामप्रसाद हनुमत सिंह बीरबल लोधी नीरज यादव राजकुमार लोधी सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## सौरभ शर्मा मामला : रडार पर मौसेरी बहन, वित्त विभाग को कार्रवाई के दिए निर्देश

**ग्वालियर।** परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा की लोकायुक्त और ईडी रिमांड ले चुकी है। सौरभ के करीबियों को भी रिमांड के बाद जांच के दायरे में लिया गया है। इस बीच आरटीआई एक्टिविस्ट एड. संकेत साहू ने सौरभ की मौसेरी बहन कृति रजौरिया की शिकायत पीएम नरेंद्र मोदी, सीएम डॉ.मोहन यादव समेत जांच एजेंसियों से की है। सीएम कार्यालय ने शिकायत पर संज्ञान लेकर कार्रवाई के लिए वित्त विभाग को निर्देशित कर दिया है। धनकुबेर सौरभ शर्मा के करीबी चेतन गौर, शरद जायसवाल और अन्य के पास काली कमाई से खरीदी गई अकूत संपत्ति की जानकारी भी मिली है। आरटीआई एक्टिविस्ट एडवोकेट संकेत साहू ने शिकायत में बताया गया है कि भोपाल स्थित एनएलआईयू संस्थान में कृति रजौरिया शासकीय लोकसेवक के पद पर है। वह विनय हासवानी की पत्नी है जो सौरभ की काली कमाई और उससे खरीदी गई चल अचल संपत्ति से जुड़ा है। ऐसे में कृति रजौरिया के बैंक खाते, वार्षिक चल अचल संपत्ति, इनकम टैक्स रिटर्न की जांच की जाए। खासकर सौरभ शर्मा के परिवहन विभाग में नियुक्ति कार्यकाल के दौरान कृति रजौरिया की विशेष जांच की जाए। इस मामले में सीएम ऑफिस ने संज्ञान लिया है। संकेत साहू को आए रिवर्ट ईमेल में बताया गया है कि शिकायत पर वित्त विभाग को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है। आरटीआई एक्टिविस्ट ने बताया कि कृति राजोरिया, विनय हासवानी की पत्नी है। विनय के खातों में करोड़ों के लेनदेन के साथ करोड़ों की चल अचल संपत्ति मिलने की शिकायत पूर्व में लोकायुक्त सहित अन्य जांच एजेंसियों में की जा चुकी है। ईडी की टीम विनय के बिजनेस पार्टनर के के अरोरा के ग्वालियर स्थित घर में भी कार्रवाई कर चुकी है।

## 100 रुपए के लिए युवक की हत्या पहले लाठी-डंडों से पीटा, फिर गर्दन पर किए पत्थर से कई वार

**डिंडोरी।** आदिवासी जिला डिंडोरी में रुपए के सामने इंसान की जान, कितनी सस्ती है उसका एक उदाहरण ग्राम देवरा में देखने को मिला। जब पुलिस ने 24 घंटे के अंदर अंधे कत्ल की वारदात का खुलासा किया। बताया जा रहा है कि, आरोपियों ने पहले युवक की लाठी डंडों से बेरहमी से पिटाई की। इसके बाद भी जब मन नहीं भरा तो पत्थर से गले पर कई वार किए। जिससे उसकी मौत हो गई।डिंडोरी कोतवाली प्रभारी के अनुसार पुरानी रंजिश और रुपयों के लेनदेन के चलते गांव के ही दो लोगों ने एक युवक को मौत के घाट उतार दिया। हैरत की बात तो यह है की यह हत्या लाखों रुपए के लिए नहीं बल्कि मात्र 100 रुपए के लिए युवक को मार दिया गया। यह जानकारी गांव के लोगों से गहन पूछताछ के बाद पुलिस के सामने आई। जिसमें बताया गया कि, देवरा गांव के नाबालिग बालक और शिवम बर्मन का मृतक चंद्रप्रकाश वनवासी से रुपए के लेनदेन और पुरानी रंजिश के चलते घटना स्थल में बाद विवाद हुआ। जिसमें बात इतनी बढ़ गई कि दोनों ने मिलकर लाठी डंडे से मृतक को मारा और जब वह नहीं मरा तो शिवम बर्मन ने अपने घर से फरसा लाकर मृतक की गर्दन पर वार किया। जिससे उसकी मौत हो गई। दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

30 वर्षीय युवक की धारदार हथियार से हत्या कर शव गांव के भर्रा में फेंक आरोपी फरार हो गए थे। घटना की सूचना पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई थी। थाना प्रभारी दुर्गा प्रसाद नगपुरे ने बताया कि, शव 30 वर्षीय चंद्रप्रकाश वनवासी का था। जो देवरा गांव का ही रहने वाला था। शव में कई जगहों पर कट के निशान मिले थे। जिसमें प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा था। जिसके बाद पुलिस मर्ग कायम कर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर हर एंगल पर जांच शुरू कर दी थी। जिसमें पुलिस ने 24 घंटे के भीतर ही इस अंधे हत्याकांड का खुलासा कर दिया हैं।

## 'इस्लाम तो अरब का धर्म है आईएएस अधिकारी नियाज खान

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के आईएएस अधिकारी नियाज खान अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर इन दिनों फिर चर्चा में हैं इस बार नियाज खान ने धर्म के मामले में टिप्पणी की है नियाज खान ने कहा है कि भारत में सभी हिंदू थे, इस्लाम तो अरब देशों से यहां आया।नियाज खान ने अपने सोशल मीडिया हैंडल %एक्स% पर ट्वीट कर कहा, ÷इस्लाम तो अरब का धर्म है, यहां तो सभी हिंदू थे. हिंदू से लोग मुस्लिम बनाए गए थे, इसलिए भले ही धर्म अलग-अलग हों लहू तो एक है. सभी एक संस्कृति का हिस्सा रहे हैं अगर जो मुस्लिम अरब के लोगों को आदर्श मानते हैं वे पुनर्विचार करें सर्वप्रथम हिंदुओं को अपना भाई माने बाद में अरब को.÷ इस्लाम तो अरब का धर्म है। यहां तो सभी हिंदू थे। हिंदू से लोग मुस्लिम बनाए गए थे। इसलिए भले ही धर्म अलग अलग हों लहू तो एक है। सभी एक संस्कृति का हिस्सा रहे हैं। अगर जो मुस्लिम अरब के लोगों को आदर्श मानते हैं वे पुनर्विचार करें। सर्वप्रथम हिंदुओं को अपना भाई माने बाद में अरब को।

**मैंने जो बातें बोली वैज्ञानिक आधार पर बोली-नियाज-** इसके बाद अफसर नियाज खान ने अपने एक और बयान में कहा कि मैंने जो बात कही है वह वैज्ञानिक आधार पर कही है, भारत में रहने वाले सभी हिन्दू हैं, चाहें तो इस बात को साबित कराने के लिए जीन्स की जांच करा ली जाए. उन्होंने कहा कि मुझे फतवों से डर नहीं लगता, जिसे समझ नहीं है वो लोग पढ़ाई लिखाई करें, गौरतलब है कि आईएएस अधिकारी नियाज खान पहले भी अपने ट्वीट और किताबों की वजह से विवादों में रहे हैं. नियाज खान ने %द कश्मीर फाइल्स% फिल्?म की रिलीज के वक्त विवादित ट्वीट किया था इसके बाद शासन ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया था जिसके बाद उन्होंने अपने ट्विटर बॉयो से आईएएस भी हटा लिया है।

# लोक निर्माण विभाग द्वारा इंदौर में 6 चौराहों पर इन दिनों फ्लाईओवर का निर्माण शुरू

इंदौर। निर्माण कार्य , जिसे समय सीमा में पूरा करने के निर्देश विभागीय मंत्री ने दिए हैं। ये फ्लाईओवर मूसाखेड़ी, क्रिस्टल आईटी पार्क, सत्य साईं चौराहा, देवास नाका के अलावा बाणगंगा चौराहा पर निर्मित किया जा रहा है। इसके अलावा विभाग बाणगंगा के मानसिक चिकित्सालय परिसर को सुधारने के अलावा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस भवन भी निर्मित करेगा। अफसरों-जनप्रतिनिधियों की इस चर्चा में इंदौर-नेमावर को भी फोरलेन करने के अलावा इंगोनिया-उज्जैन रोड को पीथमपुर से नागदा तक जोड़ने का भी सुझाव दिया गया। वहीं अभी जो इंदौर से उज्जैन सिक्स लेन का काम चल रहा है उसे सिंहस्थ से पहले निर्मित कर देने की मांग भी विभागीय मंत्री से की गई। विभागीय मंत्री श्री सिंह ने ठेकेदारों से भी अलग से चर्चा की और उनकी समस्याओं को जाना। वन अनुमति में देरी, लंबित भुगतान, एवं भवन निर्माण की ड्राइंग व डिजाइन समय पर न मिलने जैसी समस्याओं पर तत्काल समाधान के लिए संबंधितों को निर्देशित किया गया। मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि प्रदेश में सड़क और भवन निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं समयसीमा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों में देरी को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और संबंधित ठेकेदारों पर कार्यवाही की जाएगी। मंत्री राकेश सिंह ने विलंब से चल रहे निर्माण कार्यों पर नाराजगी जताई और समय सीमा निर्धारित करने तथा टाइम एक्सटेंशन नियमों को सख्त बनाने के निर्देश दिए। सभी कार्यों को निर्धारित समय में पूर्ण करने के लिए ठेकेदारों और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए।

बैठक के बाद मंत्री श्री सिंह ने ठेकेदारों से अलग से चर्चा कर उनके सामने आ रही समस्याओं को समझा। वन अनुमति में देरी, लंबित भुगतान, एवं भवन निर्माण की ड्राइंग व डिजाइन समय पर न मिलने जैसी समस्याओं पर तत्काल समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने इंदौर-उज्जैन रेल सेक्शन में सांवेर रोड मुख्य जिला मार्ग पर रेलवे ओवरब्रिज के धीमी गति से निर्माण पर अप्रसन्नता व्यक्त की, जिस पर श्री सिंह ने ठेकेदार को कार्य में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए। वहीं सांसद शंकर लालवानी ने इंदौर-देपालपुर रोड को 4 लेन में परिवर्तित करने की मांग रखी। साथ ही इंगोरिया-उज्जैन रोड को पीथमपुर से नागदा तक विस्तार देने का सुझाव दिया। सांसद शंकर लालवानी ने इंदौर-उज्जैन मार्ग के 6 लेन चौड़ीकरण कार्य को सिंहस्थ मेले की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए समय से पहले पूरा करने की आवश्यकता जताई। टोल प्लाजा पर लंबी कतारों की समस्या को देखते हुए टोल सेंसर कैमरों के शीघ्र सुधार के निर्देश दिए। देवास नाका चौराहे पर 6 लेन फ्लाईओवर के संबंध में श्री लालवानी ने कहा कि एमआर-2 रोड पर लैंडिंग सही ढंग से हो और जंक्शन का प्रावधान किया जाए। मूसाखेड़ी चौराहे पर 6 लेन फ्लाईओवर के सर्विस रोड पर होने वाले ट्रैफिक जाम को देखते हुए इसे चौड़ा करने और गड्ढों को एक सप्ताह के भीतर भरने के निर्देश मंत्री सिंह ने दिए। शंकर लालवानी और विधायक मधु वर्मा ने इंदौर-नेमावर मार्ग को 4 लेन बनाने की मांग की, क्योंकि इस सड़क पर रोजाना 1000 से अधिक वाहन चलते हैं, जिससे दुर्घटनाएं हो रही हैं।

# बगैर अनुमति के बेच दिए छोटे-छोटे भूखंड, बना दी सड़क और ड्रेनेज

इंदौर। नगर परिषद राऊ को क्षेत्रीय एसडीएम ने पटवारी प्रतिवेदन के आधार पर विकसित होने वाली अवैध कॉलोनीको लेकर कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिए किंतु एक साल में भी नगर परिषद कोई कार्रवाई नहीं कर पाया है। पटवारी प्रतिवेदन में यह स्पष्ट हो गया कि छोटे-छोटे प्लॉटों का विक्रय किया गया है और सड़क तथा ड्रेनेज लाइन का निर्माण भी स्पष्ट नजर आ रहा है।राऊ नगर परिषद जहां एक और खाली पड़ी जमीनों पर अवैध कॉलोनी बताकर उन्हें वैध करने के लिए प्रक्रिया में शामिल करने का प्रयास कर चुकी है, वहीं जिन जमीनों पर छोटे-छोटे प्लाटों का क्रय विक्रय हुआ और सड़क के साथ ही ड्रेनेज निर्माण भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है, उस पर भी अभी तक एसडीओ के निर्देश के बावजूद कार्रवाई नहीं की है। 1 साल पहले पटवारी से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर एसडीएम राऊ ने सीएमओ राऊ नगर परिषद को निर्देश दिए थे कि उनके क्षेत्र की भूमि सर्वे नंबर 1016 रखुवर 0.251 हेक्टेयर पर नासिर पिता बहादुर अली शाह ने अवैध कॉलोनी विकसित करते हुए छोटे-छोटे भूखंडों में प्लॉटों का विक्रय किया है। उक्त व्यापवर्तित की गई भूमि पर नासिर शाह ने बिना सक्षम अनुमति के सीमेंट कांक्रीट रोड बनाई और उसके किनारों पर ड्रेनेज लाइन डालकर चेम्बरों का निर्माण भी किया है। क्षेत्रीय पटवारी ने अपने प्रतिवेदन में सब प्रमाण जानकारी देते हुए बताया है कि उक्त जमीन पर कई आवासी मकान का निर्माण भी किया जा चुका है।

मामले की जांच के बाद एसडीएम ने नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देश दिए थे कि उक्त भूमि पर विकसित हो रही कॉलोनी के संबंध में दी गई अनुमतियों की प्रति विस्तृत प्रतिवेदन के साथ 12 मार्च तक उनके सम्मुख प्रस्तुत करें किंतु एक वर्ष पूरा व्यतित होने पर भी जबाब नही आया न आज तक नगर परिषद ने अपनी रिपोर्ट एसडीएम कार्यालय में प्रस्तुत की है। दूसरी और प्रशासनिक अधिकारियों की पोल भी इस प्रकरण से उजागर होती है कि वह नगर परिषद के जिम्मेदारों को खुली छूट दे रहे हैं, जिससे अवैध कॉलोनियों को विकसित करने वालों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं। यही नहीं, इस क्षेत्र में कई अवैध कॉलोनियां विकसित हो रही हैं जो नगर परिषद के संरक्षण में धीरे-धीरे उन्नति कर रही है किंतु उन पर ध्यान देने वाला कोई नहीं है। अपर कलेक्टर को समाचार के माध्यम से कई बार इस क्षेत्र की जानकारी दी गई किंतु वे आज तक जानकारी नहीं होने की बात कहकर मामले को टालते रहे हैं यही नहीं पूर्व एसडीएम ने भी नगर परिषद के विरुद्ध कार्रवाई करने को लेकर कोई कदम नहीं उठाया।

### मामले को टालने का प्रयास किया जा रहा

अवैध कॉलोनी के मामले में कोई भी प्रशासनिक अधिकारी अभी तक स्पष्ट जवाब नहीं दे पा रहा है। नगर परिषद भी गुमराह करने वाली जानकारी देकर सत्यता को छुपाने का प्रयास कर रही है। उल्लेखनीय है कि जिला पंजीयक कार्यालय ने कलेक्टर के निर्देश पर 100 से अधिक अवैध कॉलोनी की सूची तैयार कर दी थी जिसमें राऊ की कई कालोनियां शामिल हैं, किंतु आज तक उन पर कार्रवाई नहीं हो पाई है। हर बार सुनवाई की बात कहकर मामले को टालने का प्रयास किया जा रहा है।

# इंदौर की 173 दुकानों के लिए 1800 करोड़ रुपए तक के राजस्व का मिला लक्ष्य

### 20 फीसदी में आगामी वित्त वर्ष के लिए मिलेगी अनुमति

इंदौर। शासन द्वारा पिछले दिनों मंजूर की गई नई आबकारी नीति के तहत अब आगामी वित्त वर्ष के लिए देसी-विदेशी शराब दुकानों की नीलामी की प्रक्रिया शुरू हुई। अभी वर्तमान ठेकेदारों को 20 प्रतिशत अधिक राजस्व देने पर नवीनीकरण का लाभ मिलेगा यानी वे आगामी वर्ष के लिए भी इन दुकानों का संचालन कर सकेंगे। नवीनीकरण में अगर सभी दुकानों की नीलामी नहीं हुई या 80 फीसदी तक राजस्व वृद्धि नहीं मिली तो फिर ई-टेंडर के जरिए ये दुकानें बेची जाएंगी।

सहायक आबकारी आयुक्त मनीष खरे के मुताबिक नई नीति के तहत नवीनीकरण के आवेदन जमा करने की तिथि 21 फरवरी शाम 6 बजे तक रहेगी। नवीनीकरण या लॉटरी आवेदन जो मिलेंगे उन पर 27 फरवरी तक कार्रवाई पूर्ण कर ली जाएगी। नवीनीकरण पश्चात बची दुकानों का निष्पादन ई-टेंडर के जरिए शुरू किया जाएगा, जिसकी प्रक्रिया 4 मार्च से शुरू होगी। इंदौर जिले में जो 173 देसी-विदेशी शराब की दुकानें हैं उनका इस बार आरक्षित मूल्य लगभग 1800 करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगा, क्योंकि गत वर्ष 1509 करोड़ रुपए हासिल हुए थे। नई आबकारी नीति में बियर वाइन और रेडी टू ड्रिंक के कैफे भी खुल सकेंगे। दरअसल, जिन 17 पवित्र शहरों सहित 19 जगहों पर मोहन सरकार ने शराब पर प्रतिबंध आगामी वित्त वर्ष से लगाया है, जिसकी प्रतिपूर्ति इंदौर सहित बड़े जिलों से की जाएगी, क्योंकि इससे शासन को 400 करोड़ रुपए से अधिक का घाटा उठाना पड़ेगा। प्रतिबंध के चलते कुल 47 दुकानें बंद हो रही है। अभी प्रदेश में 470 बियर बारों को लाइसेंस दिए गए हैं। मगर अब नई पॉलिसी में जो कैफे खुलेंगे उससे इनकी संख्या बढ़ जाएगी, जहां पर अधिकतम 10 फीसदी वी/वी अल्कोहल रहेगा। इस तरह के कैफे में हार्ड लीकर यानी व्हिस्की सहित अन्य तरह की शराब परोसने और रखने की अनुमति नहीं रहेगी। दरअसल, ये लो एल्कोहॉलिक बेवरेज बार के रूप में खोले जाएंगे।

दरअसल, जब प्रदेश में शराब दुकानों के साथ अहाते खोले गए थे तब इस तरह के कई बियर बार बंद कर दिए थे, जहां सिर्फ बियर या लो एल्कोहल बेवरेज को ही बेचने की अनुमति दी जाती थी। पंजीयन विभाग के बाद प्रदेश सरकार को सबसे ज्यादा आय आबकारी विभाग से ही होती है।

# इंदौर में 207 स्कूल बंद होने की कगार पर, 31,000 छात्रों का भविष्य संकट में

इंदौर। शहर में एक बड़ा संकट सामने आया है, जहां आगामी शिक्षा सत्र में 207 स्कूल बंद हो जाएंगे, जिससे 31,000 से अधिक छात्रों को नए स्कूल की तलाश करनी पड़ेगी। इसका कारण राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा मान्यता नवीनीकरण के लिए लागू की गई नई शर्त है, जिसके तहत स्कूल संचालकों को रजिस्टर्ड किरायानामा प्रस्तुत करना अनिवार्य किया गया है। पहली से आठवीं तक के स्कूलों की मान्यता नवीनीकरण के लिए आवेदन की तारीख 23 दिसंबर से 23 जनवरी तक रखी गई थी, और फिर इसे सात फरवरी और विलंब शुल्क के साथ 14 फरवरी तक बढ़ाया गया था। हालांकि, जिले में 1684 स्कूलों में से केवल 1477 स्कूलों ने ही आवेदन किया है। इसके कारण 207 स्कूल नवीनीकरण के लिए आवेदन नहीं कर पाए हैं। इनमें से कई स्कूल अवैध कॉलोनी या कृषि भूमि पर चल रहे हैं, जिससे वे नई शर्तों को पूरा नहीं कर पाए। इस नई शर्त के तहत स्कूलों को उनका रजिस्टर्ड किरायानामा प्रस्तुत करना जरूरी कर दिया गया है, जो कई स्कूलों के लिए मुश्किल साबित हो रहा है। इसके अलावा, कई स्कूल पहले से ही कम छात्र संख्या के कारण बंद होने के कगार पर थे। स्थानीय स्तर पर भी आवेदन प्रक्रिया में लापरवाही देखने को मिल रही है। ब्लॉक रिसोर्स कोऑर्डिनेटर DPC स्तर पर 1172 आवेदन लंबित हैं और जिला परियोजना समन्वयक (DPC) स्तर पर भी 208 आवेदन अभी तक स्वीकृत नहीं हुए हैं। अब तक सिर्फ 217 आवेदन ही स्वीकृत हो पाए हैं। इस नई शर्त के खिलाफ मध्य प्रदेश बोर्ड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने विरोध किया और इसे रद्द करने की मांग की। एसोसिएशन ने यह भी कहा था

# पंचकुइयाँ स्थित श्रीराम मंदिर रामघाट पर योगसत्र का आयोजन, महापौर के साथ प्रदेश के अन्य महापौर ने किया योग

इंदौर। देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर के सार्थक प्रयासों द्वारा शहर के नालों को इतना स्वच्छ बना दिया गया है कि अब उनमें विभिन्न प्रकार के आयोजन किए जा सकते हैं। इसी क्रम में महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं प्रदेश के अन्य महापौरों के साथ पंचकुइयाँ स्थित श्रीराम मंदिर रामघाट पर सूखे नाले में योगमित्र अभियान के अंतर्गत योग सत्र प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर सिंगरौली की महापौर श्रीमती रानी



अग्रवाल, संत रामगोपाल महाराज, एमआईसी सदस्य अश्विनी शुक्ल, स्थानीय पार्षद संध्या यादव, पार्षद भारत रघुवंशी, महापौर प्रतिनिधि शैलू देव सहित बड़ी संख्या में योग मित्र सम्मिलित हुए।